**Title:** Need to reduce the rate of tax charged on the poultry farms.

**श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) :** अध्यक्ष महोदय, भारत कृषि प्रधान देश है। इसके संलग्न पोल्ट्री फार्म आता है, लेकिन अभी यह न घर का है, न घाट का है। क्योंकि वित्त विभाग ने इसे न कृषि में डाला और न ही उद्योग में डाला, लेकिन इस फार्म से प्राप्ति कर ज्यादा हासिल कर रहे हैं। इसलिए यह धंधा घाटे में जा रहा है। इस धंधे पर ढाई करोड़ लोग ग्रामीण क्षेत्रों के आदिम जाति, पिछड़े और छोटे गरीब मजदूरी करते हैं। यह धंधा बिलकुल खत्म होने वाला है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि जो ज्यादा कर लगाया है, उसे कम करें और इस धंधे को बचाएं।